### 20 साल तक लोगों के सुख-दुख में साथ रहे विशाल गुलाटी, जनसेवा से प्रेरित होकर राजनीति में आईं

# सेवा के बीज जो वर्षों पहले बोए गए थे, आज जनता ने जीत के "फूल" बनाकर लौटा दिए




**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

कहते हैं कि समाजसेवा का फल कभी न कभी जरूर मिलता है। वार्ड नंबर-73 की पार्षद भाजपा से रूचि विशाल गुलाटी की राजनीतिक यात्रा भी कुछ ऐसी ही कहानी बयां करती है। पिछले करीब 20 वर्षों से लोगों के बीच रहकर समाजसेवा कर रहे उनके पति विशाल गुलाटी की मेहनत और जनसेवा ने ऐसा भरोसा बनाया कि जनता ने वर्ष 2024 के नगर निगम चुनाव में रूचि गुलाटी को 147 वोटों से विजयी बनाकर पार्षद चुन लिया।

रुचि गुलाटी बताती हैं कि उन्होंने वर्षों तक अपने पति को लोगों की समस्याओं के लिए संघर्ष करते देखा। इसी दौरान उनमें भी जनसेवा का भाव पैदा हुआ। बतौर अध्यापिका कार्यरत रहते हुए भी वह सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहीं, लेकिन बाद में उन्होंने पूरी तरह जनसेवा और राजनीति को अपना लक्ष्य बना लिया।

**▪ 2004 से शुरू हुआ जनसेवा का सफर...**

*विशाल गुलाटी वर्ष 2004 से सामाजिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2009 में कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम किया। जरूरतमंद परिवारों की सहायता से लेकर इलाके के विकास संबंधी मुद्दों को उठाने तक, वह लगातार जनता के बीच सक्रिय रहे। वर्ष 2018 में उन्होंने आजाद उम्मीदवार के रूप में नगर निगम चुनाव भी लड़ा। हालांकि जीत नहीं मिली, लेकिन जनता के मजबूत समर्थन के साथ वे दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद वर्ष 2019 में भाजपा नेता जीवन गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा में शामिल होकर जनसेवा का सिलसिला जारी रखा।*

**▪ जनता के भरोसे ने दिलाई जीत-**

*लगातार लोगों के बीच सक्रिय रहने और उनकी समस्याओं को अपनी समस्या समझकर काम करने का ही परिणाम रहा कि वर्ष 2024 के नगर निगम चुनाव में रूचि गुलाटी को जनता का भरपूर समर्थन मिला और उन्होंने 147 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। रूचि गुलाटी का कहना है कि यह जीत केवल उनकी नहीं बल्कि उन सभी लोगों के विश्वास की जीत है, जिन्होंने वर्षों तक उनके परिवार की समाजसेवा को देखा और उस पर भरोसा जताया।*

**▪ विकास कार्यों को दी प्राथमिकता...**

*पार्षद बनने के बाद रूचि गुलाटी ने वार्ड की मूलभूत समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी। गुरु रविदास मोहल्ला और पीएनबी भारत नगर क्षेत्र में 20 से 25 वर्ष पुरानी सीवरेज पाइपलाइनें बदलवाकर नई लाइनें डलवाई गईं। पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों में तीन नए सबमर्सिबल पंप लगाए गए, जबकि गुलमोहर से भारत नगर चौक तक इंटरलॉकिंग टाइलों का कार्य पूरा कराया गया।*

**▪ 1.37 करोड़ की लागत से होंगी नई सड़कें...**

*राम गली, जैन स्कूल, भारत नगर, गुरु रविदास मोहल्ला, सीता नगर, गौशाला रोड, धुरी लाइन और मनोहर नगर में आरएमसी सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव एफ एंड सीसी से दो बार मंजूर हो चुका है। इन कार्यों के लिए 1.37 करोड़ रुपए का फंड भी स्वीकृत किया गया है और जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है।*

**▪ सफाई व्यवस्था और पार्कों के विकास पर भी नजर...**

*वार्ड में 50 नई स्ट्रीट लाइटें, नए साइन बोर्ड और 24 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की मांग प्रशासन को भेजी गई है। इसके अलावा एलआईसी कार्यालय से गुरुद्वारा भारत नगर तक सड़क निर्माण, नए कूड़ा कंपेक्टर, तीन ट्यूबवेल और पार्कों के सौंदर्यीकरण की मांग भी रखी गई है।*



*"मेरा वार्ड ही मेरा परिवार है। लोगों की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। जनता ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगी।"*
**-रूचि विशाल गुलाटी, पार्षद, वार्ड नंबर-73**

# नीट पेपर लीक, सीबीएसई की बदइंतजामी के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया




**नीट पेपर लीक और सीबीएसई की बदइंतजामी के खिलाफ रोष प्रदर्शन जिला प्रधान संजय तलवाड़ व समर्थक।**

**दलजीत विक्की | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

आज जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) लुधियाना की ओर से संजय तलवाड़ (पूर्व विधायक), अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) लुधियाना की अगुवाई में नीट पेपर लीक तथा सीबीएसई में फैली अव्यवस्था और खराब प्रबंधन के विरोध में जगराओं पुल पर विशाल रोष प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि देशभर से 22 लाख विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा दी थी, लेकिन बाद में यह सामने आया कि परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया था। उन्होंने कहा कि यह दूसरी बार है जब नीट का पेपर लीक हुआ है, लेकिन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने मांग की कि बार-बार नीट परीक्षाओं के संचालन में विफल रही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को भंग किया जाए तथा नीट परीक्षाओं के आयोजन के लिए पूरी तरह विश्वसनीय और पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए, क्योंकि यह देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हुआ मामला है।

उन्होंने सीबीएसई की ऑनलाइन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली में पाई गई गंभीर खामियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह समस्या इसलिए उत्पन्न हुई है क्योंकि जिस कंपनी कॉम्प्ट एडूटेक को इसका ठेका दिया गया है, उसके पास इस प्रकार की परीक्षाओं के संचालन के लिए आवश्यक अनुभव और विशेषज्ञता नहीं है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने खुलासा किया कि कॉम्प्ट एडूटेक को विशेष छूट देकर यह ठेका प्रदान किया गया था और इसके लिए नियमों में भी बदलाव किए गए थे। उन्होंने कहा कि इस कंपनी को पहले तेलंगाना सरकार द्वारा ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर इस कंपनी को विशेष रियायतें क्यों दी गईं, जबकि यह विद्यार्थियों के भविष्य और करियर के साथ खिलवाड़ कर रही है।

प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त करने की मांग करते हुए सवाल किया कि जब वे अपने हर दायित्व को निभाने में विफल रहे हैं, तो प्रधानमंत्री मोदी उन्हें बचाने और संरक्षण देने का प्रयास क्यों कर रहे हैं।

# ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की बैठक में शामिल होने ऋषिकेश मेयर इंदरजीत कौर पहुंचीं

### शहरी विकास, नागरिक सुविधाओं और शहरों की चुनौतियों पर होगी चर्चा

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



लुधियाना नगर निगम की मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की कार्यकारिणी बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंचीं। बुधवार को आयोजित होने वाली इस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों और शहरों के मेयर हिस्सा लेंगे।

ऋषिकेश पहुंचने पर ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स के पदाधिकारियों ने मेयर इंदरजीत कौर का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर भाग लेने से शहरों के विकास से जुड़े नए विचारों और सफल मॉडल्स की जानकारी मिलती है, जिससे आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। मेयर ने कहा कि बैठक के दौरान शहरी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं के विस्तार, विकास कार्यों में सुधार और विभिन्न शहरों के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न शहरों के प्रतिनिधियों के साथ अनुभव साझा करने से विकास कार्यों को नई दिशा मिलती है। इंदरजीत कौर ने ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की ओर से देशभर के शहरों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की।

# ड्राइवर से लूट, 'छोटा हाथी' गाड़ी को रोका

### दिल्ली-श्रीनगर मार्ग पर चाबी निकालकर कैश और मोबाइल ले फरार

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

सोमवार देर रात लुधियाना के पास एक सड़क हादसे से करीब एक किलोमीटर पहले दिल्ली से श्रीनगर जा रही गाड़ी के ड्राइवर से लूट की घटना हुई। बदमाशों ने गाड़ी को जबरन रोका, ड्राइवर से चाबी निकाल ली और कैश व दो मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए।

ड्राइवर, जो 'छोटा हाथी' नामक निजी टैक्सी सेवा से कार्यरत था, ने बताया कि वह रात 11 बजे के करीब लुधियाना की ओर बढ़ रहा था। तभी तीन नकाबपोश व्यक्तियों ने गाड़ी के आगे आते हुए उसे रोक दिया। उन्होंने धमकी देते हुए चालक को गाड़ी से बाहर निकलने के लिए मजबूर किया। ड्राइवर ने बताया कि उन्होंने मेरी गाड़ी की चाबी छीन ली और गाड़ी के अंदर रखा नकद और मोबाइल फोन भी ले गए। मैं डर के मारे कुछ नहीं कर सका।

**▪ पुलिस की प्रतिक्रिया...**

लुधियाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। थाना इनोवा रोड के प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और ड्राइवर के बयानों के आधार पर हम आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि रात में सुनसान मार्ग पर अकेले यात्रा करते समय सतर्क रहें और संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत 100 नंबर पर सूचना दें। यह घटना दिल्ली-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात धीमा हो गया। अधिकारियों ने तुरंत मोबाइल पेट्रोलिंग टीम भेजी और ड्राइवर को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने कहा कि रात में अकेले यात्रा करने वाले यात्रियों को हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए। ड्राइवर के अनुसार, वह अकेले यात्रा कर रहा था और लूटपाट के दौरान घायल नहीं हुआ।

स्थानीय लोग और यात्रियों ने भी पुलिस को संदिग्ध वाहनों के बारे में जानकारी दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। विशेषज्ञों का मानना है कि राजमार्ग पर ऐसी घटनाओं में वृद्धि सुरक्षा उपायों की कमी और सुनसान मार्गों की वजह से होती है। इसके मद्देनजर पुलिस ने रात में पेट्रोलिंग बढ़ाने और हाईवे सुरक्षा कैमरों की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है।

# लुधियाना में कपड़ा कारोबारी से 1.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

### भरोसा जीतकर माल उठाया, भुगतान से मुकरा

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

लुधियाना से व्यापारिक धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। शहर के नामी कपड़ा कारोबारी से 1 करोड़ 5 लाख रुपए की ठगी की गई। आरोपी ने पहले भरोसा जीतकर बड़ी मात्रा में माल उठाया, लेकिन भुगतान के समय मुकर गया। जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। यह मामला ताजपुर रोड स्थित फैब्रिक प्राइवेट लिमिटेड के मालिक दिनेश अग्रवाल की शिकायत पर दर्ज किया गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी ने व्यापारिक लेनदेन के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की। 28 अक्टूबर 2025 से पहले हुए इस लेनदेन की उच्च अधिकारियों द्वारा गहन जांच की गई, जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद थाना डिवीजन नंबर 7 की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

**▪ अरविंद निटवियर का मालिक प्रभसिमरन सिंह...**

*आरोपी की पहचान प्रभसिमरन सिंह के रूप में हुई है। आरोपी इंडस्ट्रियल एरिया-ए, आर.के. रोड, लुधियाना में स्थित अरविंद निटवियर का मालिक है। शिकायत के अनुसार, आरोपी प्रभसिमरन सिंह ने दिनेश अग्रवाल की फर्म से करीब 1 करोड़ 5 लाख रुपए का कपड़ा खरीदा था।*

# स्टूडेंट्स को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया

**शुभम शर्मा | फिल्लौर**
**लुधियाना**




डीआरवी डीएवी शताब्दी कॉलेज, फिल्लौर की एनएसएस इकाई और रेड रिबन क्लब द्वारा 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एसके मिधा ने छात्रों को तंबाकू के सेवन से दूर रहने की जानकारी दी और छात्रों को इससे जुड़ी गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, हृदय रोग, आंत रोग आदि के बारे में सचेत किया।

उन्होंने यह भी कहा कि तंबाकू के सेवन के विज्ञापनों की ओर आकर्षित होने के बजाय जीवन के प्रति समझदारी और जिम्मेदारी से काम करते हुए इन नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहना चाहिए। क्योंकि इन उत्पादों के सेवन से घातक बीमारियाँ, मानसिक तनाव आदि होते हैं। उन्होंने अच्छा और स्वस्थ जीवन जीने के लिए पौष्टिक आहार पर जोर दिया। अंत में विद्यार्थियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए प्रोफेसर मोनिका शर्मा ने बच्चों से नैतिक मूल्यों को अपनाने की अपील की। इस समय महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे। मंच की भूमिका कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परमजीत कौर ने निभाई।

# दि हर्निया इंस्टीट्यूट में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर प्रकार के हर्निया का आधुनिक उपचार: डॉ. अश्विंद

**लक्की भट्टी | लुधियाना**
**समर न्यूज़**




शहर के सिविल लाइंस स्थित बावा हॉस्पिटल में आज दि हर्निया इंस्टीट्यूट का औपचारिक शुभारंभ किया गया है। यह उत्तर भारत का पहला ऐसा विशेष संस्थान है, जो पूरी तरह हर्निया और एब्डोमिनल वॉल रिकंस्ट्रक्शन (पेट की दीवार के पुनर्निर्माण) के उपचार के लिए समर्पित है।

संस्थान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित विशेषज्ञ सर्जनों की टीम बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी आयु और वर्ग के मरीजों के लिए हर्निया के आधुनिक उपचार उपलब्ध कराएगी। यहां इंगुइनल, वेंट्रल, इंसिज़नल, अम्बिलिकल, हाइटल, फेमोरल, रिकरेंट, कॉम्प्लेक्स, पीडियाट्रिक और स्पोर्ट्स हर्निया सहित जटिल एब्डोमिनल वॉल रिकंस्ट्रक्शन का उपचार किया जाएगा।

संस्थान के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. अश्विंद बावा ने कहा कि भारत में हर्निया सबसे आम सर्जिकल बीमारियों में से एक है, लेकिन अब तक ऐसा कोई केंद्र नहीं था जो पूरी तरह इसी रोग के उपचार पर केंद्रित हो। उन्होंने कहा कि यहां मरीजों की दीर्घकालिक निगरानी, उपचार के परिणामों का रिकॉर्ड और सर्जरी से पहले सभी खर्चों की लिखित जानकारी प्रदान की जाएगी। डॉ. अश्विंद बावा में दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच), लुधियाना में सर्जरी विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं यूनिट हेड रह चुके हैं।

उन्होंने अमेरिका के मेयो क्लिनिक, क्लीवलैंड क्लिनिक, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और कनाडा के शोल्डाइस हर्निया हॉस्पिटल जैसे विश्वस्तरीय संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्हें वर्ष 2022 में अमेरिकन हर्निया सोसायटी के प्रतिष्ठित गिम्बरनैट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। संस्थान के सह-संस्थापक एवं सर्जिकल लीड डॉ. अंकित मिश्रा और डॉ. विनायक रेंगन भी एडवांस्ड एब्डोमिनल वॉल रिकंस्ट्रक्शन, लैप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी और बाल हर्निया उपचार के विशेषज्ञ हैं।

### 38 लाख से बनी लुधियाना (उत्तरी) सब-तहसील जनता को समर्पित

# लुधियाना (उत्तरी) में नई सब-तहसील बनने से लोगों को मिली बड़ी सुविधा : विधायक मदन लाल बग्गा

### अब लोगों को रजिस्ट्रियों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा: डीसी हिमांशु जैन

**दलजीत विक्की/ लक्की मेहता**
**समर न्यूज़ | लुधियाना**



**सरकार का लुधियाना के लोगों को बड़ा तोहफा, लुधियाना (उत्तरी) में नई सब-तहसील का कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने किया उद्घाटन। -इकबाल हैप्पी**

पंजाब के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन, आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने मंगलवार को लुधियाना (उत्तरी) में निर्मित नई सब-तहसील परिसर का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया तथा क्षेत्रवासियों को 38 लाख रुपये की लागत से तैयार इस सुविधा का उपहार दिया। इस सब-तहसील में पंजाब सरकार द्वारा जगसीर सिंह को नायब तहसीलदार नियुक्त किया गया है। उन्होंने आज राजस्व मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां की उपस्थिति में अपना कार्यभार संभाल लिया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार जनता के प्रत्येक पैसे को जनकल्याण कार्यों पर खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध है और लुधियाना (उत्तरी) को दिया गया यह तोहफा उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लगभग 4400 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले इस परिसर का निर्माण करीब 2000 वर्ग फुट क्षेत्र में किया गया है। परिसर में सब-रजिस्ट्रार कार्यालय, रजिस्ट्री कक्ष, रीडर रूम, फर्द कक्ष, लोगों के बैठने के लिए हॉल, कैंटीन, जनरेटर रूम तथा शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ताकि प्रशासनिक कार्यों के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि नए परिसर और आधुनिक सुविधाओं से कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, जिससे वे लोगों के कार्यों को बिना किसी परेशानी के प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर सकेंगे।

लुधियाना उत्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही यह सब-तहसील अस्तित्व में आई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की यह लंबे समय से मांग थी क्योंकि रजिस्ट्रियां करवाने के लिए उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब सब-तहसील बनने से लोगों को अपने कार्य करवाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित मांग आज पूरी हुई है।

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने कहा कि लोगों की प्रमुख मांग को देखते हुए पंजाब सरकार ने इस सब-तहसील की स्थापना की है। पहले लोगों को अपनी रजिस्ट्रियां करवाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर तक जाना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती थी। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि अब यहां सब-तहसील स्थापित हो गई है। उन्होंने बताया कि यहां आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है। इसके अलावा फर्नीचर, एयर कंडीशनर, पेयजल और प्रतीक्षा कक्ष जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। ईजी रजिस्ट्री का स्टाफ भी यहां तैनात कर दिया गया है। कंप्यूटर और कैमरों सहित सभी आवश्यक उपकरण स्थापित कर दिए गए हैं।

इस अवसर पर विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, नगर निगम आयुक्त नीरू कत्याल गुप्ता, राजस्व विभाग के विशेष सचिव टी. बेनिथ, एसडीएम (लुधियाना पूर्वी) जसलीन कौर भुल्लर, एसडीएम (लुधियाना पश्चिमी) कुलदीप बावा, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, जिला योजना बोर्ड समिति लुधियाना के चेयरमैन जतिंदर सिंह खंगूड़ा, अमन बग्गा, गौरव बग्गा, ब्लॉक समिति चेयरमैन सरबी जरखड़, दविंदर सिंह (लाडी) संगोवाल, सोनी गिल, अमरिंदर बुलारा उपस्थित रहे।

**जुर्माना**

### बिना टिकट यात्रियों पर रेलवे का शिकंजा : फिरोजपुर ने जम्मू मंडल को छोड़ा पीछे

# 55,761 यात्रियों से वसूला 3.76 करोड़ रुपये का जुर्माना

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

भारतीय रेलवे द्वारा बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष टिकट चेकिंग अभियानों के तहत मई 2026 में जम्मू और फिरोजपुर मंडलों ने उल्लेखनीय कार्रवाई की।

दोनों मंडलों में कुल 55,761 यात्रियों को बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिनसे लगभग 3.76 करोड़ रुपये का राजस्व वसूल किया गया। जम्मू मंडल में मई 2026 के दौरान चलाए गए विशेष अभियान में कुल 12,693 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों से रेलवे को 66.50 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल के अनुसार बिना टिकट यात्रा रेलवे को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ वैध यात्रियों के लिए भी परेशानी का कारण बनती है।

इसी वजह से स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। वहीं फिरोजपुर मंडल ने टिकट चेकिंग अभियान में कहीं अधिक सख्ती दिखाई। मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ और मुख्य





टिकट निरीक्षकों ने मई माह के दौरान 43,068 यात्रियों को बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते हुए पकड़ा। इनसे जुर्माने के रूप में लगभग 3.10 करोड़ रुपये का राजस्व वसूला गया, जो जम्मू मंडल की तुलना में लगभग पांच गुना अधिक है। सिर्फ टिकट जांच ही नहीं, बल्कि स्टेशन परिसरों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी फिरोजपुर मंडल ने अभियान चलाया। मई माह में स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वाले 361 यात्रियों से एंटी लिटरिंग एक्ट के तहत 55 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि वैध यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराना है।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले वैध टिकट अवश्य लें तथा प्लेटफार्म पर आने-जाने के लिए प्लेटफार्म टिकट का उपयोग करें, अन्यथा रेलवे अधिनियम के तहत जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।